## सार-समाचार

### पीएचडी प्रवेश परीक्षा सम्पन्न



**उदयपुर**, (कासं)। जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी विवि) की ओर से शुक्रवार को प्रतापनगर परिसर स्थित इंजीनियरिंग महाविद्यालय में पीएचडी प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। कुलपति कर्नल प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए बताया कि एज्यूकेशन, आरक्योिलॉजी, इकोनोमिक्स, भूगोल, विधी, अंग्रेजी, कम्प्यूटर साईस, होम्यौपेथी, फिजियोथेरेपी, म्यूजिक, योगा, संस्कृत, सोशल वर्क, मैनेजमेंट सहित विभिन्न विषयों में 261 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक परीक्षा आयोजित की गई। एक-एक घंटे के दो पेपर हुए पहला पेपर सभी का समान था जबकि दूसरा पेपर विद्यार्थी के सम्बंधित विषय का हुआ। पीजी डीन प्रो. जीएम मेहता, रजिस्ट्रार डॉ. तरूण श्रीमाली, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, डॉ. युवराज सिंह राठौड़, डॉ. भवानीपाल सिंह राठौड़, डॉ. धमेन्द्र राजौरा, डॉ. संजय चौधरी, डॉ. यज्ञ आमेटा आदि ने परीक्षा को सुचारू रूप से संचालित कराने में सहयोग दिया।

### सड़क हादसे में आठ घायल

**भीम**, (निसं)। राष्ट्रीय राजमार्ग पर जस्साखेड़ा के समीप शुक्रवार को दोपहर में एक ट्रक व रोडवेज बस में भिड़ंत हो गई घटना की सूचना मिलते ही भीम पुलिस मौके पर पहुंची वह घायलों को एंबुलेंस व ग्रामीणों की सहायता से उपजिला चिकित्सालय पहुंचाया इस सड़क हादसे में आठ लोग घायल हो गये पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मदनसिंह पुत्र नाथूसिंह, मेघसिंह पुत्र केसरसिंह ,मनोहरसिंह पुत्र मोटसिंह, गणेश पुत्र सोहन, अनीता पुत्री गणेश, योगेंद्र पुत्र अर्जुन ,किशोरसिंह पुत्र तुलसासिंह, मक्खीसिंह पुत्र हेतराज, आदि घायल हो गए घायलों का चिकित्सकों ने उपचार कर गंभीर घायल मदन सिंह को रेफर किया रोडवेज बस उदयपुर से अजमेर जा रही थी कि सामने से आ रहे ट्रक ने बस को टक्कर मार दी जिससे बस में सवार यात्रियों में हड़कंप मच गई एसआई कैलाशचंद्र पालीवाल ने बताया कि जस्सा खेड़ा के समीप एक बस एवं ट्रक में आपस में भिड़ंत हो गई घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे तथा घायलों को ग्रामीणों एवं एंबुलेंस की सहायता से उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया बस में सवार यात्रियों को प्राथमिक उपचार कर अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचने की व्यवस्था की तथा ट्रक ड्राइवर मदनसिंह को प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत होने से रेफर किया गया।

### गीतांजलि में टीकाकरण सप्ताह

**उदयपुर**,(कासं)। गीतांजलि कॉलेज एवं स्कूल ऑफ नर्सिंग, उदयपुर में बाल स्वास्थ्य नर्सिंग विभाग द्वारा विश्व टीकाकरण सप्ताह 2025 के अंतर्गत विविध जागरूकता कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीन प्रोफेसर डॉ. विजया अजमेरा ने किया।इस अवसर पर प्रिंसिपल प्रोफेसर डॉ. योगेश्वर पुरी गोस्वामी, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर प्रोफेसर कमलेश जोशी, एकेडमिक इंचार्ज प्रोफेसर जयेश पाटीदार, सभी विभागाध्यक्ष, फैकल्टी सदस्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की मुख्य गतिविधियों में विशेषज्ञ सत्र, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रेजेंटेशन शामिल रहे। विशेषज्ञ सत्र का संचालन बाल स्वास्थ्य नर्सिंग विभाग के विभागाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह शक्तावत, असिस्टेंट प्रोफेसर भावेश वर्मा एवं लेक्चरर प्रद्युमन सिंह राठौर ने किया। इसके अतिरिक्त, कविता गांव में रैली एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय समुदाय को टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूक किया । डीन डॉ. विजया अजमेरा ने छात्रों को टीकाकरण के लाभों एवं विभिन्न रोगों से सुरक्षा में इसकी भूमिका के बारे में जानकारी दी, साथ ही विभाग को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रिंसिपल डॉ. योगेश्वर पुरी गोस्वामी ने सभी आयु वर्गों के लिए टीकाकरण की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला। समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। मंशापूर्ण महादेव विवाह महोत्सव की प्रथम वर्षगांठ धूमधाम से मनाई

### विवाह महोत्सव की वर्षगांठ मनाई

**मंडफिया**, (निसं)। भदेसर उपखंड क्षेत्र के गांव पोटला कलां बस स्टैंड स्थित शिव शक्ति आश्रम के मंशापूर्ण महादेव की विवाह महोत्सव की प्रथम वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।आश्रम की जीजी मां चंदा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि भदेसर उपखंड मुख्यालय स्थित रावला चौक के श्री रामेश्वर महादेव मंदिर से पूजा अर्चना के साथ प्रथम वर्षगांठ को लेकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में सुसज्जित रथ में भगवान शिव और पार्वती की झांकी सजाई गई। इस शोभा यात्रा का पूरे नगर में जगह जगह स्वागत किया गया। मुख्य बस स्टेशन पर बुलडोजर से पुष्प वर्षा की गई।

# 1.37 करोड़ की लागत से बनेगा वॉलीबॉल मैदान



**विधायक अर्जुनलाल जीनगर और भाजपा जिलाध्यक्ष रतनलाल गाडरी ने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।**

**कपासन**, (निसं)। कपासन में इंटरनेशनल मापदंडों पर आधारित वॉलीबॉल खेल मैदान का निर्माण किया जाएगा। जिसका शुक्रवार को भूमि पूजन किया गया। नगर पालिका द्वारा 1 करोड़ 37 लाख 45 हजार रुपए की लागत से खेल मैदान का निर्माण किया जाएगा।शुक्रवार शाम को विधायक अर्जुनलाल जीनगर और भाजपा जिलाध्यक्ष रतनलाल गाडरी ने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। नपा अध्यक्ष मंजुदेवी सोनी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया।मैदान 4030 वर्ग फीट का होगा। इसमें 55 मीटर का रनिंग ट्रैक बनाया जाएगा। खिलाड़ियों की सुविधा के लिए लड़के और लड़कियों के अलग-अलग चेंजिंग रूम होंगे। मैदान में प्रैक्टिस वॉल और करीब 400 दर्शकों के बैठने की व्यवस्था की जाएगी। एक स्टेज का निर्माण भी किया जाएगा। मैदान में पानी की सुविधा और लॉन के लिए आवश्यक व्यवस्था की जाएगी। कार्यक्रम में पीएम श्री स्कूल और मॉडल स्कूल की बालिका हॉकी टीम को प्रोत्साहन स्वरूप हॉकी स्टिक भेंट की गई। कोच रूपलाल पुरबिया और संदीप सिंह चारण का सम्मान किया गया। वॉलीबाल खिलाड़ी निखिल चौधरी, भव्य जागेटिया और मुस्कान बाथरा को भी सम्मानित किया गया। स्नेक केचर जानू और उनके सहयोगी लोकेश सुथार को आधुनिक उपकरण प्रदान किए गए।विधायक जीनगर ने क्षेत्र के चहुंमुखी विकास का आश्वासन दिया। उन्होंने शुगर मिल, कपास की फैक्ट्री को फिर से चालू करने और चावल की खेती शुरू करने का प्रयास करने की बात कही। जाखम बांध से पानी परियोजना पूर्व में स्वीकृत हो चुकी है।कार्यक्रम में नपा उपाध्यक्ष एजाज अली, पार्षद पुष्पा वैष्णव, वंदना दाधीच, मुकेश पलौड़, वंदना सोनी, अशोक विजयवर्गीय, गोपाल पुरबिया, जीएसएस अध्यक्ष नंदकिशोर टेलर, नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह देथा,जेइन खेमराज गुर्जर भाजपा पंकज सिरोया, पूर्व पालिकाध्यक्ष यशोदा देवी नंदवाना, गजेंद्र बाघमार, जिनेंद्र कोठारी, सरपंच संघ अध्यक्ष प्रकाश चौधरी, पीसी टेलर, रानी सिरोया सहित कई वरिष्ठ खिलाड़ी भी उपस्थित रहे।

# सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट व खेल स्टेडियम का लिया जायजा

**बांसवाड़ा**, (निसं)। संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी व जिला कलक्टर डॉ इन्द्रजीत यादव ने टीएडी हॉस्टल, जिला खेल स्टेडियम व आरयूआईडीपी के तहत किये जा रहें सीवरेज कार्यो का निरीक्षण करते हुए व्यवस्था व सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

खेल स्टेडियम के अवलोकन के दौरान द्वय अधिकारियों ने निर्माणाधीन स्वीमिंग पुल के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निदेश दिये। उन्होंने स्टेडियम के इन्डोर खेल व्यवस्थाओं को भी देखा और संतोश व्यक्त किया। इस अवसर पर कुष्ती व टेबल टेनिस के लिए अलग से हॉल बनाने के लिए बजट की आवयष्कता बताई। खेल अधिकारी ने खेल स्टेडियम के विकास को लेकर जानकारी दी। संभागीय आयुक्त व जिला कलेक्टर ने उदयपुर मार्ग के धामनिया गांव स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का दौरा किया। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट एसबीआर तकनीक से काम करता पाया गया वहीं लगभग 11 हजार 251 घरों से सीवेज को जोड़ा गया वहीं एसटीपी में उपचारित जल का परीक्षण किया गया और सकारात्मक पाया गया। इस अवसर पर आरयूआईडीपी सहायक अभियंता, आरयूआईडीपी अशोक कुमार, सपोर्ट इंजिनियर अंकुर सैनी, सीएमएससी परियोजना प्रबंधक मेसर्स बीआईपीएल एससी एचपी जेवी मौजूद रहे। संभागीय आयुक्त ने जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के अधीन संचालित राजकीय जनजाति बालिका महाविद्यालय छात्रावास, राजकीय जनजाति बालिका बहुद्देश्यीय छात्रावास, राजकीय जनजाति बालिका आश्रम छात्रावास बांसवाड़ा प्रथम एवं द्वितीय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए छात्रावास संचालन के निर्देश दिये।



**सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का दौरा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देष देते संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी व जिला कलक्टर डॉ इन्द्रजीत यादव।**

# शिक्षक संघ राष्ट्रीय का सदस्यता अभियान शुरू

**बांसवाड़ा**, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने सत्र 2025-26 के लिए सदस्यता अभियान शुरु कर दिया। जिला मंत्री जयदीप पाटीदार ने बताया कि दो दिन में संगठन के ऊर्जावान कार्यकर्ताओं ने नगर में 95, बांसवाड़ा में 85, गनोड़ा में 71, घाटोल में 65, गढ़ी में 78, अरथूना में 101, तलवाडा में 79, बागीदौरा में 100, गांगड़तलाई में 62, आनन्दपुरी में 58, सज्जनगढ़ में 102, कुशलगढ़ में105 और छोटी सरवन में 42 शिक्षकों को संगठन का सदस्य बनाया। इस वर्ष प्रदेश कार्यकारिणी ने सदस्यता अभियान का समय 1 से 15 मई निर्धारित किया है।

सदस्यता अभियान के लिए बांसवाड़ा उपशाखा में जिला मंत्री जयदीप पाटीदार और जितेंद्र व्यास, बांसवाड़ा नगर में सांभग संगठन मंत्री दिलीप पाठक और दिनेश मईडा, घाटोल में नारायण लाल चरपोटा और जिलाध्यक्ष दिनेश मईडा, गनोड़ा में शशिकांतजी सेवक और जानगर नायक, छोटी सरवन में बंसीलाल डिंडोर और विनोद उपाध्याय, गढ़ी में भूपेंद्र जोशी और पृथ्वीपाल सिसोदिया, अरथूना में कमलसिंह सोलंकी और मणिलाल डामोर, तलवाडा में दिलीप पंवार और दिलीप पाठक, बागीदौरा में रमेश व्यास और नारायण लाल पाटीदार, गांगड़तलाई में रमेश पाटीदार और सरदारसिंह कटारा, आनन्दपुरी में अनिल भट्ट और बापूलाल पारगी, कुशलगढ़ में सभाध्यक्ष दिगपाल राठौड़ और भरत माधविया, सज्जनगढ़ में कलसिंह मछार और रणछोड़ पाटीदार को नियुक्त किया गया है।

संभाग संगठन मंत्री दिलीप पाठक, नगर मंत्री रितेष ठाकुर, जिला मीडिया प्रभारी जनक भट्ट, जयेश उपाध्याय और सरदार सिंह कटारा ने बताया कि सदस्यता अभियान के दौरान शिक्षकों ने तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण और पदोन्नति में देरी, एसएफजी ग्रांट को सत्र के शुरुआत में देने, विद्यालय में विद्युत कनेक्शन में घरेलू उपभोक्ता की तरह छूट ना होना, ऑनलाइन कार्य की अधिकता और शिक्षकों की गैर-शैक्षणिक कार्यो में ड्यूटी जैसी समस्याओं को प्रमुखता से बताया।




**सदस्यता अभियान चलाते राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के पदाधिकारी।**

## भजन संध्या पांच मई को

**उदयपुर**, (कासं)। उदयपुर में स्थापित मां बगलामुखी मंदिर पर 3 से 5 मई तक वृहद स्तर पर धार्मिक आयोजन होंगे। 5 मई को भव्य भजन संध्या का भी आयोजन होगा।

मंदिर के पुजारी संजय उपाध्याय ने पत्रकारों को बताया कि भूपालपुरा में रोड नंबर डी 1 पर स्थित मां पितांबरा निवास पर समस्त धार्मिक आयोजन होंगे। यहीं पर मां बगलामुखी का मंदिर स्थापित है। श्री उपाध्याय ने बताया कि 3 मई शनिवार को प्रातः सवा सात बजे से विभिन्न धार्मिक आयोजन शुरु हो जाएंगे जो 5 मई तक चलेंगे। 3 मई को सुबह हेमाद्रि स्नान, पंचांगकर्म, श्रीलक्ष्मी गणपति कुंकुमादि अर्चन एवं मण्डपादि देवता आव्हान पूजन कार्यक्रम होंगे। यह सभी विशिष्ट प्रकार की पूजा होती है जिसे कुशल पंडित ही पूरा करवा सकते हैं। 4 मई रविवार को प्रातः 8 बजे रुद्राभिषेक, देवी बगलामुखी पूजन हरिद्रार्चन, मोदकार्चन होंगे तथा दोपहर यज्ञ आरम्भ होगा जो शाम तक चलेगा। खास बात यह है कि इस यज्ञ के साथ कोई भी व्यक्ति विशेष अभिषेक करवा सकता है। यज्ञ आचार्य अभिषेक व्यास ने बताया कि मान्यता है कि इस अभिषेक से व्यक्ति की हर परेशानी दूर होती है। सोमवार को प्रातः 8 बजे प्रधान देवता हवन के साथ दोपहर के अभिजित मुहूर्त में 12.15 बजे यज्ञ की पूर्णाहुति होगी।

## विपुल जैन को गोल्ड मैडल

**उदयपुर**, (कासं)। केरल के कोजीकोड में स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान में विपुल जैन ने एमबीए में गोल्ड मैडल हासिल कर उदयपुर को गौरवान्वित किया। उदयपुर के होन हार छात्र विपुल जैन ने भारतीय प्रबंधन संस्थान कोजीकोड केरल से एमबीए की पढ़ाई पूरी करते हुए अपने बैच (2023 से 2025) में सर्वश्रेष्ठ सर्वांगीण प्रदर्शन के लिए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। यह सम्मान उन्हें संस्थान के दीक्षांत समारोह पर एडलवाइस की प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी राधिका गुप्ता द्वारा प्रदान किया।

# गिवअप अभियान: स्वेच्छा से नाम हटवाने की तिथि बढ़ाई

**उदयपुर**, (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य सरकार निरन्तर वंचित वर्गो के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। अंतिम पक्ति में खडे लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित करने के मुख्यमंत्री के निर्देशों की अनुपालना में खाद्य सुरक्षा सूची में पात्र लोगों को जोड़ने तथा अपात्रों को हटाने के लिए चलाए जा रहे गिवअप अभियान की अंतिम तिथि अब 31 मई तक बढ़ा दी गई है।

जिला रसद अधिकारी मनीष भटनागर ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत गिवअप अभियान में खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में निर्धारित मापदण्ड अधिसूचना अन्तर्गत ऐसे परिवार जिसमें कोई आयकर दाता हो, परिवार का कोई सदस्य सरकारी/अर्द्ध सरकारी /स्वायत्तशासी संस्थाओं में कर्मचारी/अधिकारी हो, एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारीक आय हो अथवा परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रेक्टर आदि जीविकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन को छोड़कर) निष्कासन श्रेणी में शामिल हैं। ऐसे उपभोक्ता अपना नाम स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाने के लिए 31 मई तक आवेदन कर सकते हैं। इस अवधि के बाद उक्त श्रेणियों के अपात्र परिवार के चिन्हीकरण हेतु सर्वे करवाया जाएगा। सर्वे में अपात्र पाए जाने पर परिवारों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। भटनागर ने बताया कि उदयपुर जिले में अब तक कुल 7309 आवेदनों पर

# शिखर प्रतिष्ठा के साथ 101 कुण्डीय विष्णु महायज्ञ की पूर्णाहुति

**बांसवाड़ा**, (निसं)। धर्मो रक्षति रक्षितः जो धर्म की रक्षा करता है, उसकी धर्म रक्षा करता है। उक्त उद्गार महामंडलेश्वर ध्यानयोगी उत्तमस्वामी महाराज ने लिमथान गांव में गंगाजल कलश यात्रा के उपरांत धर्म सभा में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म और हम एक दूसरे से अलग-अलग नहीं है इसका कोई सानी नहीं है। जो धर्म की रक्षा करेगा धर्म उसकी रक्षा करेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान काल में हिंदुओं को एकजुट होना होगा। इस प्रकार के अनुष्ठान समाज में नई ऊर्जा का संचार करते हैं।

उन्होंने विप्र फाउंडेशन से आह्वान किया कि लिमथान में यह आयोजन प्रतिवर्ष करें जिससे कि सनातन धर्म की गतिविधियों को और अधिक बल मिले। पिछले चार दिनों से लिमथान में संचालित विष्णु महायज्ञ में लाखों आहुतियों से समूचा परिसर हविमय हो उठा। सर्व सनातन समाज के सहयोग और विप्र फाउंडेशन की ओर से आयोजित 101 कुंडीय विष्णु में श्रीफल होम के साथ पूर्णाहुति दी गयी। अक्षय तृतीया परशुराम जयंती से लेकर शंकराचार्य जयंती तक चले इस अनुष्ठान में सनातन समाज के विराट स्वरूप के दर्शन हुए। जिले के सर्व समाजजनों ने कार्यक्रम में भाग लेते हुए सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने दोनों मंदिरों में पूजा अर्चना की। पूर्व केबिनेट मंत्री महेन्द्रजीतसिंह मालविया, पूर्व मंत्री धनसिंह रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष पूँजीलाल गायरी, प्रधान बलवीर रावत, लिमथान सरपंच लक्ष्मण निनामा, सियापुर सरपंच विठ्ठल भाई डामोर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि भी मौजू रहे। आरम्भ में विप्र फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री योगेश जोशी, जिलाध्यक्ष ललित जोशी, प्रदेशाध्यक्ष नरेंद्र पालीवाल, प्रदेश महामंत्री राजेश पालीवाल, महिला प्रदेश मंत्री कीर्ति आचार्य, कामिनी नागर, दक्षा उपाध्याय, शशि कुमार शर्मा, भारतसिंह पटेल बोदला, गौतम भाई सियापुर सहित बड़ी संख्या में सर्व समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे। संचालन विनोद पानेरी ने किया जबकि आभार परशुराम सेवा संस्थान संयोजक महेश जोशी ने माना। धार्मिक महा अनुष्ठान में लगभग 5 हजार 108 महिलाओं ने कलश यात्रा के साथ शोभायात्रा निकाली। इस शोभायात्रा में आस्था का ज्वार हिलोरे ले रहा था। लगभग तीन किलोमीटर लम्बी कतार की भव्यता देखते ही बनती थी। महायज्ञ के संयोजक विनोद पानेरी ने बताया कि शोभायात्रा मंदिर के निकट बह रही नदी पर पहुंची जहां पर आचार्य पंकज जोशी के निर्देशन में पूजन अर्चन और गंगा मैया का आह्वान कर कलश भरवाए गए। यज्ञ के संरक्षक स्वामी विवेकानन्द महाराज के सानिध्य में हुए।




**लिमथान गांव में गंगाजल कलश यात्रा के उपरांत धर्म सभा को संबोधित करते महामंडलेश्वर ध्यानयोगी उत्तमस्वामी महाराज**

## सार-समाचार

### मदर्स डे समारोह का पोस्टर लोकार्पित

**उदयपुर**, (कासं)। गीतांजली हॉस्पिटल में 10 मई को प्रेक्षा एंटरटेनमेंट के सहयोग से आयोजित होने जा रहे मातृत्व दिवस समारोह को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। मुख्य कार्यक्रम से पूर्व प्रतिदिन आयोजित की जा रही गतिविधियों की श्रृंखला प्रारंभ हो चुकी है, जिनमें लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी जा रही है। इस अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में जिला कलेक्टर नमित मेहता ने समारोह का पोस्टर लोकार्पित किया। उनके कर-कमलों से हुए इस शुभारंभ ने आयोजन को एक औपचारिक, गरिमामयी और प्रेरणादायक दिशा प्रदान की। इस मौके पर प्रेक्षा एंटरटेनमेंट की ओर से डायरेक्टर दीपमाला मेवाडा, कुलदीप सिंह राव, अनीमा गोस्वामी, सुमन तथा स्तुति की उपस्थिति रही, जिनकी सहभागिता ने आयोजन में विशेष ऊर्जा का संचार किया। मातृत्व दिवस समारोह कार्यक्रम का संचालन गीतांजली हॉस्पिटल के मार्केटिंग हेड कल्पेश चन्द रजबार व हेड पी.आर हरलीन गंभीर द्वारा किया जा रहा है।

### ओबीसी अधिकार मंच ने दिया ज्ञापन

**बांसवाड़ा**, (निसं)। ओबीसी अधिकार मंच की टीम ने राज्यपाल हरिभाऊ बागडे को टीएसपी में ओबीसी की समस्या को अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। मंच के प्रतिनिधियों ने बताया कि पूर्व की कांग्रेस सरकार ने इस विषय पर कई ज्ञापन के बाद भी कोई कदम नहीं उठाया। राज्य में मिलने वाली उम्र तथा प्रतिशत की छुट भी टीएसपी के ओबीसी और एमबीसी को नहीं मिल रही। ओबीसी अधिकार मंच के संयोजक डॉ नरेश पटेल ने बताया कि राजस्थान के टीएसपी के 8 जिलों में निवासरत 22 प्रतिशत ओबीसी-एमबीसी की जनसंख्या निवासरत हैं तथा राज्य में राजकीय सेवाओं में ओबीसी को 21 प्रतिशत और एमबीसी को 5 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान हैं लेकिन टीएसपी क्षेत्र के ओबीसी एमबीसी को उक्त संवैधानिक आरक्षण से वंचित रखा गया हैं तथा राजस्थान में विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में ओबीसी-एमबीसी को उम्र तथा प्रतिशत की छुट का प्रावधान हैं लेकिन उक्त छुट से भी टीएसपी क्षेत्र का ओबीसी-एमबीसी वंचित हैं जिस वजह से पुलिस कांस्टेबल भर्ती, ग्रामसेवक भर्ती तथा अन्य भर्तियों में आवेदन करने से वंचित रह जाते हैं।

### विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**उदयपुर**, (कासं)। भारत सरकार के केन्द्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, उदयपुर द्वारा आज अंतराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के काउन्टडाउन के तहत राजकीय महिला आई टी आई, राणा प्रताप नगर, उदयपुर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम एवं योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभाग के क्षेत्रीय प्रचार सहायक रवि कुमार योगी ने बताया कि इस वर्ष 10 वां अंतराष्ट्रीय योग दिवस एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम पर मनाया जा रहा है । उन्होंने कहा कि योग न सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बल्कि मानसिक सेहत के लिए आवश्यक है।

### नीट यूजी परीक्षा कल

**उदयपुर**, (कासं)। मेडिकल परीक्षा नीट यूजी रविवार को आयोजित होने जा रही है। एजुकेशन काउंसलर विकास छाजेड ने बताया की परीक्षा कुल 566 शहरों में आयोजित हो रही है, जिसमें भारत के 552 एवं विदेश के 14 शहर है। इस वर्ष लगभग 23 लाख विद्यार्थियों ने आवेदन किया है,जबकि पिछले वर्ष लगभग 24 लाख विधार्थी थे। परीक्षा दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होकर सांयः 5 बजे तक चलेगी। इस वर्ष परीक्षा पैटर्न कोविड पूर्व प्रारूप में रहेगी, जिसमें वैकल्पिक प्रश्न एवं अतिरिक्त समय नहीं दिया जायेगा। कुल 720 अंकों की यह परीक्षा 180 प्रश्नों के साथ होगी जिसमे ऋणात्मक मार्किंग भी होगी। परीक्षा का समय 3 घंटे का रहेगाए परीक्षा पेन पेपर मोड पर ऑफलाइन होगी। परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थी दस्तावेज की जाँच एवं प्रवेश सम्बंधित सभी प्रक्रिया के साथ परीक्षा हेतु प्रवेश प्रातः 11 बजे से प्रारंभ हो जाएगा, जो की 1.30 बजे तक जारी रहेगा।

### ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ाई

**उदयपुर**, (कासं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से संचालित विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ाई गई है। संयुक्त निदेशक गिरीश भटनागर ने बताया कि शिक्षण संस्थानों के छात्रवृत्ति पोर्टल पर पंजीयन, नवीनीकरण, कोर्स मैपिंग, मान्यता एवं पाठ्यक्रमवार फीस स्ट्रक्चर अद्यतन करने की अंतिम तिथि 28 मई निर्धारित की गई है। इसी प्रकार उत्तरमैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए विद्यार्थियों द्वारा पेपरलैस ऑनलाइन आवेदन पत्र पंजीकरण कर ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मई 2025 निर्धारित की गई है।

### काश्तकार घर बैठे राजकिसान एप से किराए पर ले सकेंगे कृषि उपकरण

**उदयपुर**, । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार काश्तकारों को अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान करने के लि संकल्पबद्ध है। किसान सम्मान निधि में बढ़ोतरी सहित अन्य योजनाओं के साथ ही सरकार छोटे किसानों को महंगे कृषि उपकरण किराए पर उपलब्ध कराने के लिए कस्टम हायरिंग केंद्र स्थापित कर रही है। इतना ही नहीं काश्तकार इन केंद्रों से अपनी आवश्यकता के अनुसार कृषि उपकरण ऑनलाइन एप के माध्यम से घर बैठे भी बुक करा सकेंगे। इसके लिए राजकिसान कस्टम हायरिंग एप तैयार किया गया है। कृषि आयुक्त चिन्मयी गोपाल ने बताया कि कृषकों विशेष रूप से लघु सीमान्त श्रेणी के कृषकों तक महंगे कृषि यंत्र-उपकरण यथा-ट्रैक्टर, थ्रेसर, रोटावेटर, रीपर, सीड कम फर्टिलाईजर ड्रिल तथा फसल अवशेष प्रबंधन मशीनरी की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए कस्टम हायरिंग केंद्रों की स्थापना की जा रही है। इन केंद्रों पर सभी महंगे कृषि उपकरण किराए के लिए उपलब्ध हैं। किसान राज्य सरकार की ओर से तय दर पर इन केंद्रों से उपकरण किराए पर ले सकते हैं। आयुक्त गोपाल ने बताया कि कृषक अपनी सुविधानुसार निकटतम स्थापित कस्टम हायरिंग केन्द्र पर उपलब्ध ट्रेक्टर एवं अन्य कृषि यंत्र की ऑन-लाईन बुकिंग करवा कर अधिक से अधिक सुविधा का लाभ ले सके इस उद्देश्य से राजकिसान कस्टम हायरिंग एप्प तैयार किया गया है।

### आनंदम स्थल में प्याऊ का शुभारंभ

**बीकानेर**, (कासं)। कर्मवान फाउंडेशन द्वारा पीबीएम अस्पताल परिसर के आनंदम विश्राम स्थल में प्याऊ का शुभारंभ शुक्रवार को सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.गुंजन सोनी व व्यापार मंडल अध्यक्ष जुगल राठी ने किया। कर्मवान फाउंडेशन अध्यक्ष वेद व्यास ने बताया कि गर्मी के मद्देनजर प्रतिवर्ष इस प्याऊ का संचालन किया जाता है। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी ने इस नेक कार्य की सराहना करते हुए कहा कि प्रचंड गर्मी को देखते हुए मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए किया गया यह कार्य अत्यधिक उपयोगी है। यह कार्य अन्य लोगों के लिए प्रेरणादायक है। व्यापार मंडल अध्यक्ष जुगल राठी ने कहा कि कर्मवान फाउंडेशन सेवा कार्यों में सदैव अग्रणी रहती है।

### बीकानेर में आंधी तूफान का अलर्ट

**बीकानेर**, (कासं)। आने वाले कुछ दिनों में अधिकतम तापमान तो कम होगा लेकिन अंधड़ और बारिश से परेशानी हो सकती है। मौसम विभाग की मानें तो पश्चिमी विक्षोभ के कारण पचास से साठ किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज आंधी और बारिश हो सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि 2 मई को पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के ऊपर एक सिस्टम बना हुआ है।


**केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान**
(भारत सरकार की सोसाइटी, विद्युत मंत्रालय)
पोस्ट बॉक्स सं.8066, प्रो.सर.सी.वी.रामन रोड
सदाशिवनगर डाक घर, बेंगलूरू-560 080

**विज्ञापन सं.-सीपीआरआई/06/2025**

सीपीआरआई सीधी भर्ती के माध्यम से निम्नलिखित पदों को भरने के लिए आवेदन करता है-

| पदों के नाम | पदों की संख्या | 7वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स में वेतन स्तर | ऊपरी आयु सीमा |
|---|---|---|---|
| वैज्ञानिक सहायक | 4 | स्तर-6 | 35 |
| इंजीनियरी सहायक | 8 | स्तर-6 | 35 |
| तकनीशियन ग्रेड 1 | 6 | स्तर-2 | 28 |
| कनिष्क हिंदी अनुवादक | 1 | स्तर-6 | 30 |
| सहायक ग्रेड II | 23 | स्तर-4 | 30 |
| सहायक पुस्तकाध्यक्ष | 2 | स्तर-4 | 30 |

इच्छुक अभ्यर्थी पात्रता मानदंड, शैक्षिक योग्यता, आरक्षण, आवेदन प्रारूप, महत्वपूर्ण निर्देश आदि के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए सीपीआरआई की वेबसाइट https://cpri.res.in के कैरियर पेज देखें।

CBC 34104/12/0004/2526 मुख्य प्रशासनिक अधिकारी